# कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
# डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर (छ0ग0)

क्रमांक / डॉ.भी.अ.चिकि. / स्था. / 19125 रायपुर, दिनांक 16 / 11 / 2019

## / / वाक–इन–इंटरव्यूह / /

## संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के निम्नलिखित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु संविदा भर्ती नियम 2012 के अधीन पात्रता रखने वाले छ0ग0 के मूल निवासी आवेदकों से निम्नलिखित नियम, शर्तों एवं चयन प्रक्रिया के अनुसार निर्धारित दिनांक को वाक इन इंटरव्यूह में उपस्थित होवे।

| क्र. | पदनाम | वर्गवार कुल रिक्त पद | | | | | शैक्षणिक अर्हता | समेकित संविदा वेतन प्रति माह | वाक इन इंटरव्यूह दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल रिक्त पद | अनारक्षित | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | अ.जा. | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | स्टाफ नर्स | 100 | 56 (म–16) (भू.सै.–5) (दिव्यांग–1 OL- One Leg) | 17 (म–5) (भू. सै–1) | 14 (म–4) (भू. सै–1) | 13 (म–3) (भू. सै–1) | 1. बी.एस.सी. नर्सिंग या पोस्ट बेसिक (बी.एस.सी. नर्सिंग प्रशिक्षण उत्तीर्ण)।<br>2.केन्द्रीय / छ.ग. राज्य नर्सिंग काउंसिल में पंजीयन। | 20900 / – | दिनांक 30.11.2019 से 04.12.2019 तक नोट:–01.12.2019 को रविवार अवकाश |
| 2. | ई.सी.जी. टेक्निशियन | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से ई.सी.जी. / आई.सी.सी.यू.टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | 20900 / – | दिनांक 05.12.2019 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | ओ.टी. टेक्निशियन | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1. जीव विज्ञान, भौतिक ाास्त्र एवं रसायन भास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से ओ.टी. / एनेस्थेसिया टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | 20900 / – | दिनांक 05.12.2019 |
| 3 | टेक्निकल असि. (स्टरलाईजेशन) | 4 | 2 | 0 | 1 | 1 | 4. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>5. शासकीय संस्थान से ओ.टी. टेक्निशियन / एनेस्थीसिया पाठ्यक्रम प्रशिक्षित।<br>राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | 20900 / – | दिनांक 05.12.2019 |
| 4 | ओ.टी. सुपरवाइजर | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से ओ.टी. / अनेस्थिसिया टेक्निशियन में डिप्लोमा / प्रमाण पत्र प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | 20900 / – | दिनांक 05.12.2019 |
| 5 | रेडियोग्राफर | 17 | 10 (म–3) (भू.सै.–1) | 3 | 2 | 2 | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से एक्स–रे में डिप्लोमा / सर्टिफिकेट प्रशिक्षण उत्तीर्ण।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | 20900 / – | दिनांक 05.12.2019 |
| 6 | लैब टेक्निशियन | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से पैथालाजी टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षण उत्तीर्ण।<br>3.राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | 20900 / – | दिनांक 05.12.2019 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | फार्मासिस्ट ग्रेड–02 | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1. भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र मे हायर सेकण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. फार्मेसी में डिग्री / डिप्लोमा।<br>3. फार्मेसी काउंसिल में पंजीकृत। | 18420 / – | दिनांक 05.12.2019 |
| 8 | एक्सरे असिस्टेंट | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1. भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्था से एक्स–रे टेक्निशियन मे डिप्लोमा / प्रमाणपत्र पाठ्यकम प्रशिक्षित उत्तिर्ण।<br>3.पैरामेडिकल काउंसिल सें पंजीकृत। | 14200 / – | दिनांक 05.12.2019 |
| 9 | ड्रेसर थियेटर | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1. भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्था से आर्थोपेडिक एण्ड ड्रेसर मे डिप्लोमा / प्रमाणपत्र पाठ्यकम प्रशिक्षित।<br>3.पैरामेडिकल काउंसिल सें पंजीकृत। | 14200 / – | दिनांक 05.12.2019 |
| 10 | वाहन चालक | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1. 8वी बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. भारी (हैवी) वाहन चलाने का अनुज्ञापत्र (लयसेंस) होना चाहिये। | 14200 / – | दिनांक 09.12.2019 |
| 11 | वार्डबॉय / आया | 26 | 12 | 4 | 2 | 8 | 1.माण्यता प्राप्त मण्डल से कक्षा 5वी उत्तीर्ण। | 11360 / – | दिनाक 06.12.2019 से 07.12.2019 तक |
| 12 | स्वीपर | 10 | 4 | 2 | 1 | 3 | 1.माण्यता प्राप्त मण्डल से कक्षा 5वी उत्तीर्ण। | 11360 / – | दिनांक 09.12.2019 |

*उक्त उल्लेखित पदो की संख्या में घटायी / बढायी जा सकती है।*

## आवेदन शुल्क

01. अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों हेतु आवेदन शुल्क रूपये 300/– एवं अ.ज.जा. एवं अ.जा. वर्ग के आवेदकों हेतु आवेदन शुल्क रूपये 100/– निर्धारित है जो ***"संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर"*** के नाम पर डिमांड ड्राफ्ट के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित आवेदन शुल्क जमा नही किये जाने पर आवेदन स्वीकार नही किया जावेगा।
02. आवेदन शुल्क किसी भी स्थिति में वापसी देय नहीं होगी।

## चयन हेतु अंको का निर्धारण :–

| क्र | विवरण | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | 75 |
| 2 | अनुभव * | 25 |
| | **कुल अंक** | 100 |

* उपरोक्त पदों पर आवेदन हेतु शासन से मान्यता प्राप्त चिकित्सालय से कार्यानुभव को प्राथमिकता दी जावेगी। अनुभव हेतु अंको का निर्धारण प्रत्येक पूर्ण **6 माह हेतु 2.5** अंक एवं अधिकतम 25 अंक निर्धारित है।

**नियम व शर्तें:–**

01. छत्तीसगढ़ जिला रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
02. आवेदक/आवेदिका को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। जिसकी पुष्टि हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
03. राज्य शासन द्वारा निर्धारित आयु एवं शासन द्वारा देय वर्ग विशेष को छूट प्रदान की जावेगी।
04. 1 जनवरी 2019 की स्थिति में आयु 18 वर्ष पूर्ण एवं 35 वर्ष से अधिक न हो। (उम्र के प्रमाण हेतु कक्षा 5वी/दसवी की अंकसूची उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करे।)
05. छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम 1997 के उपबंधो के अनुसार महिला अभ्यर्थिओ की उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 (दस) वर्ष तक शिथिलनीय होगी।
06. शासकीय, अर्द्धशासकीय, स्वशासी संस्थाओ में कार्यरत् कर्मचारियों को अपने नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा । अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।
07. ऐसे उम्मीदवार जिसकी 02 से अधिक जीवित संतान है तथा जिसमें से 01 का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ है, नियुक्ति के लिए अमान्य होगा।
08. आवेदक द्वारा किसी भी प्रकार की अनुशंसा, केनवाशिंग वर्जित है तथा ऐसा करने वाले आवेदकों का आवेदन निरस्त किया जावेगा एवं समुचित वैधानिक कार्यवाही की जावेगी
09. नियत तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नही किया जावेगा।
10. चयनित उम्मीदवारों को जिला मेडिकल बोर्ड से स्वास्थता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् ही सेवा में लिया जावेगा।
11. भर्ती प्रकिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक का होगा।
12. अभ्यार्थियों की सेवा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के अधीन होंगे।
13. संविदा नियुक्ति एक वर्ष के लिए/नियमित नियुक्ति/तदर्थ नियुक्ति जो भी पहले हो तक के लिये किया जावेगा ।
14. उपरोक्त पदों के लिये वॉक इन इंटरव्यू सूची में उल्लेखित तिथियों को दोपहर 12.00बजे से अपरान्ह 3.00बजे तक टेलीमेडिसिन हॉल, डॉ.बी.आर. अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के प्रथम तल में होगा ।

चयन प्रकिया की मार्गदर्शिका :–

01. **निर्धारित प्रारूप में भरा हुआ ओवदन पत्र, आवेदित पद के वाक् इन इंटरव्यूह हेतु निर्धारित तिथि को प्रातः 12.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक ही पंजीयन स्वीकार किया जावेगा एवं उसके पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

02. **कोई मौखिक साक्षात्कार, कौशल एवं लिखित परीक्षा नहीं होगी, प्रावीण्य सूची के आधार पर चयन किया जावेगा।**

03. प्राप्त आवेदनो का स्कूटनी समिति द्वारा स्कूटनी पश्चात पात्र अपात्र की सूची तैयार कर प्रदर्शित किया जावेगा।

04. दावा आपत्ति निराकरण पश्चात् चयन सूची जारी किया जावेगा।

टीपः–उक्त रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी इस चिकित्सालय के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइट www.drbramhraipur.in में देखा जा सकता है।

**–: अन्य आवश्यक सूचनाएं :–**

1. उक्त रिक्त पदों की भर्ती प्रकिया छत्तीसगढ़ शासन के संविदा भर्ती नियम 2012 से बाधित होगी।
2. आवेदन के साथ संलग्न समस्त वांछित प्रमाण पत्र/दस्तावेज/फोटो स्वयं द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा।
3. संयुक्त संचालक एंव अधीक्षक का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

16/11/18

**संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
डॉ भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय
रायपुर (छ.ग.)

# आवेदन का प्रारूप

प्रति,

**संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक,**
डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय,
रायपुर (छ.ग.)

स्वयं के द्वारा सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटो चस्पा करें

01. आवेदित पद का नाम:– ..........................................

02 आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) ..........................................
(अंग्रेजी के कैपिटल लेटर्स में) ..........................................

03. पिता / पति का पूरा नाम ..........................................

04. जन्मतिथि (अ) अंकों में ..........................................
(ब) शब्दों में ..........................................

05. आयु (01.01.2019 की स्थिति में). वर्ष..................माह..................दिन..................

06. लिंग ..........................................

07. (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता:– ..........................................
..........................................
..........................................

(ब) स्थायी पता :– ..........................................
..........................................

मोबाइल नं. ..........................................

08. क्या आवेदक छत्तीसगढ का मूल निवासी है ? हां / नहीं ..........................................
*(यदि हां तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।)*

09. आवेदक का जाति प्रवर्ग (अनारक्षित / अ.ज.जाति / अ.जाति / अ.पि.व.) ..................................*(आरक्षित वर्ग के प्रमाण हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।)*

10. शैक्षणिक अर्हता :–

| क. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड, संस्था / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्राप्तांको का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

11. कार्यानुभव :–

| क्र | पदनाम | संस्था का नाम | कब से कब तक |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

12. आवेदन शुल्क का विवरण

| राशि | डी.डी. क्रमांक / दिनांक | बैंक का नाम |
|---|---|---|
| | | |

13. क्या आप वर्तमान में किसी अन्य संस्था (शासकीय / अर्द्धशासकीय / निजी) में कार्यरत हैं ? हां / नहीं ..........................................................................................
*(यदि हाँ तो वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें)*
14. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कमांक एवं तिथि..........................................................................
15. (अ) क्या आप विवाहित हैं (हां / नहीं) ..........................................................................
(ब) यदि हां तो विवाह की तिथि अंकित करें ..........................................................................
16. (अ) जीवित संतानों की कुल संख्या ..........................................................................
(ब) ऐसे संतानों की संख्या जिनका जन्म 26.01.2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो ................................
*(दो से अधिक जीवित संतान होने की स्थिति में पात्रता संबंधी शपथ पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करें)*
17. आवेदित पद के साथ संलग्न किये जा रहे सत्यापित दस्तावेजों का विवरण :–

(अनिवार्य रूप से क्रमानुसार संलग्न करे) :–

1. छ.ग. मूल निवास प्रमाण पत्र 2.. जाति प्रमाण पत्र 3. रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र.
4. अनुभव प्रमाण पत्र 5. शैक्षणिक योग्यता संबंधी समस्त प्रमाण पत्र 6.................................................
7......................................................8.......................................................9................................................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

आवेदक का पूरा नाम ..........................................................

## *//घोषणा पत्र//*

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है एवं आवेदित पद के लिये मै निर्धारित योग्यता रखता / रखती हूँ, मुझे जानकारी है कि मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकरी या सूचना गलत, असत्य या अपूर्ण पायी जाने पर उक्त पद के लिये मेरी उम्मदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है, इस संबंध में मुझे कोई नोटिस दिये बिना मेरी सेवाएं समाप्त की जा सकती है तथा मेरे विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही भी की जा सकती है, जिसके विरूद्ध मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे नहीं होगा। मैं यह भी घेषणा करता / करती हूँ कि मैं ही वह व्यक्ति हूँ जिसका विवरण इस आवेदन पत्र में भरा गया

है तथा नीचे किया गया हस्ताक्षर मेरा ही है। मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मुझे किसी भी न्यायालय द्वारा दंडित नही किया गया है।

स्थान :–..........................

दिनांक :–..........................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

आवेदक का पूरा नाम ................................................